प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 शनिवार दिनांक 03.05.2025

मुख्य समाचारः–

- मुख्यमंत्री ने आज पंजीयन विभाग की नवाचार आधारित दस नई सुविधाओं का शुभारंभ किया–देश के पहले ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित डाटा सेंटर पार्क का भी किया शिलान्यास।
- गरियाबंद जिले में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक हार्डकोर माओवादी मारा गया–घटनास्थल से एक एसएलआर ऑटोमेटिक हथियार बरामद।
- रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में आज अंधड़ के साथ हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि–आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत।
- देहरादून में पांच मई से होने वाली एशियन पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए भिलाई की खिलाड़ी प्रेरणा नथवानी का भारतीय महिला टीम में हुआ चयन।

पंजीयन विभाग सेवाएं–शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में पंजीयन विभाग की नवाचार आधारित दस नई सुविधाओं का शुभारंभ किया। इनमें आधार आधारित प्रमाणीकरण, ऑनलाइन सर्च और डाउनलोड, कैशलेस भुगतान, डिजीलॉकर, व्हाट्सएप नोटिफिकेशन, घर बैठे रजिस्ट्री, डिजीडॉक्यूमेंट, स्वतः नामांतरण जैसी तकनीकी सेवाएं शामिल हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजीयन विभाग की इस नवाचार से रजिस्ट्री और नामांतरण जैसी जटिल प्रक्रिया से आम लोगों को निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये सुविधाएं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में कारगर साबित होगी।

पंजीयन विभाग द्वारा आम लोगों की सुविधा, पारदर्शिता और दस्तावेजों की सुरक्षा के उद्देश्य से पंजीयन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और सरल बनाया गया है। इन सुविधाओं से रजिस्ट्री प्रक्रिया, पेपरलेस सुरक्षित और नागरिकों के लिए सहज हो सकेगी। अब आम नागरिक रजिस्ट्री से जुड़ी सेवाएं घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे, जिससे समय, श्रम और धन की बचत होगी।

एआई–डाटा सेंटर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर में देश के पहले ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित डाटा सेंटर पार्क का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई डाटा सेंटर छत्तीसगढ़ के लिए सूचना और प्रौद्योगिक के क्षेत्र में बड़ी क्रांति लेकर आया है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जय विज्ञान–जय अनुसंधान के मंच को साकार करेगा और विकसित छत्तीसगढ़ की बुनियाद बनेगा। उन्होंने कहा कि देश का ग्रोथ इंजन छत्तीसगढ़ कोयला, स्टील, आयरन और ऊर्जा के लिए पहचाना जाता है। लेकिन, अब एआई, सेमीकंडक्टर और सॉफ्टवेयर इंडस्ट्रीज से वैश्विक पहचान मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई डाटा सेंटर से प्रदेश में एआई आधारित सेवाओं को बढ़ावा देने के साथ उद्योग और व्यापार जगत के अलावा इसका सीधा लाभ लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मिलेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की एआई क्रांति देश के लिए मॉडल बनेगी।

श्री साय ने कहा कि एआई डाटा सेंटर में ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट लगाई जाएगी। इससे एआई पर चलने वाले कम्प्यूटर, इंफ्रास्ट्रक्चर और सेमीकंडक्टर निर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नवा रायपुर को आईटी मेडिसिटी और फार्मास्युटिकल हब के रूप में विकसित कर रही है।

कार्यक्रम में रैक बैंक के सीईओ नरेन्द्र सेन ने कहा कि एआई डाटा सेंटर आगामी नवंबर महीने तक शुरू हो जाएगा।

माओवादी मुठभेड़

गरियाबंद जिले में बीती रात पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक हार्डकोर माओवादी मारा गया है, जिसका शव बरामद कर लिया गया है। मारे गए माओवादी की पहचान डिवीजनल कमेटी मेंबर आयतु उर्फ योगेश कोरसा के रूप में की गई है। घटनास्थल से एक एसएलआर ऑटोमेटिक हथियार, गोला–बारूद, माओवादी साहित्य और अन्य सामग्री बरामद की गई हैं।

जिले के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि जुगाड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जंगल में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान जंगल में माओवादियों ने अचानक पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक माओवादी मारा गया।

वेव्स

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व कर सकता है। उन्होंने कहा कि कई वैश्विक कंपनियों ने इस संबंध में भारत के साथ काम करने की इच्छा जताई है। गूगल, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट सहित सात वैश्विक फर्मों ने आज मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान–आई.आई.सी.टी. के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आई.आई.सी.टी. की स्थापना चार सौ करोड़ रुपये की फंडिंग के साथ मुंबई में की जाएगी। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में आई.आई.सी.टी., आई.आई.टी. और आई.आई.एम. के समान मान्यता प्राप्त करेगा।

वहीं, वेव्स में कम्युनिटी रेडियो सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉक्टर एल. मुरुगन ने देशभर में हो रहे कम्युनिटी रेडियो के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी कम्युनिटी रेडियो किसी न किसी उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं और हमारी परंपरा को बढ़ावा दे रहे हैं।

एशियन पावर लिफ्टिंग–चयन

देहरादून में पांच से बारह मई तक आयोजित होने वाली एशियन पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में भिलाई की खिलाड़ी प्रेरणा नथवानी का चयन भारतीय महिला टीम में हुआ है। वहीं, भिलाई के ही कृष्णा साहू का चयन भारतीय टीम के प्रशिक्षक और राष्ट्रीय निर्णायक तथा जूरी सदस्य के रूप में हुआ है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम में चयनित प्रेरणा नथवानी ने राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया था, जिसके आधार पर ही पहली बार उनका चयन अंतर्राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

उधर, बिहार के बोधगया में कल चार मई से खेलो इंडिया यूथ गेम्स शुरू होगा। पंद्रह मई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के बारह मल्लखंभ खिलाड़ी शामिल होंगे। इनमें नारायणपुर जिले के नौ खिलाड़ी भी शामिल हैं। इनमें चार बालिकाएं हैं। ये सभी खिलाड़ी अबूझमाड़ मल्लखंब और स्पोर्ट्स अकादमी से जुड़े हैं।

एनआईटी–एमओयू

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर ने कल जन्यु टेक्नोलॉजीज प्रायवेट लिमिटेड के साथ रोबोटिक्स और ऑटोमेशन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रोफेसर एन.वी. रमना राव और जन्यु टेक्नोलॉजीज प्रायवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभिमन्यु राजा ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू रोबोटिक्स औद्योगिक स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

भटगांव–लिंक कोर्ट

सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के भटगांव तहसील कार्यालय में अब हर गुरूवार को एसडीएम लिंक कोर्ट लगेगा। इससे लोगों को राजस्व मामलों के लिए जिला मुख्यालय जाना नहीं पड़ेगा। जिला कलेक्टर डॉक्टर कन्नौजे ने बताया कि यह व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी। इस लिंक कोर्ट से सरसींवा और भटगांव तहसील से संबंधित राजस्व, दांडिक और समस्त न्यायालयीन प्रकरणों की सुनवाई और त्वरित निपटारा संभव हो सकेगा। इसके जरिये प्रशासनिक प्रक्रियाएं सरल होंगी और न्याय के लिए आम लोगों की पहुंच आसान होगी।

मौसम

रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, सरगुजा, सूरजपुर, कवर्धा, रागयढ़ और मुंगेली सहित प्रदेश के कई जिलों में आज अंधड़ के साथ तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई है। हमारे संवाददाताओं से मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर में दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। वहीं, बिलासपुर सहित अन्य जिलों में अंधड़ के कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया। सूरजपुर में महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के कार्यक्रम के दौरान पंडाल उड़ गया। हालांकि, इसमें किसी को भी चोटें नहीं आई हैं। मुंगेली में तेज आंधी और बारिश के कारण कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। मौसम विभाग के मुताबिक आज उत्तरी छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों में बारिश हुई है, जिसके कारण कई जगहों पर बिजली आपूर्ति बाधित होने के समाचार मिले हैं।

सरगुजा जिले के मैनपाट में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक शिक्षक की मौत हो गई है। वहीं, बिलासपुर जिले के ग्राम भरवीडीह में भी आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोर की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य किशोर गंभीर रूप से झुलस गया है।

इस बीच, रायपुर स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि एक पूर्व–पश्चिम द्रोणिका दक्षिण राजस्थान से उत्तर ओडिशा तक मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल होते हुए डेढ़ किलोमीटर की ऊंचाई पर बनी हुई है। इसके असर से प्रदेश में बारिश हो रही है। आगामी चौबीस घंटों के

दौरान प्रदेश के एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने, आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने की संभावना है। बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''बालोद'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

- राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा–नीट कल चार मई को रायपुर सहित प्रदेशभर के अन्य शहरों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए रायपुर जिले में सत्ताईस केन्द्र बनाए गए हैं।

- बलरामपुर जिले में रनहत चौकी के अंतर्गत मकरो नाला के पास आज एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।

<><><><><>